# 12 वर्षों की विकास यात्रा से सारण बनेगा देश के विकास का मॉडल : राजीव प्रताप रूडी

**दैनिक खोज खबर/अमनौर (सारण)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूरे होने के ऐतिहासिक अवसर पर अमनौर में एक विशेष प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। रविवार को अमनौर आवास पर संबोधित करते हुए स्थानीय सांसद व पूर्व केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि यह कार्यकाल भारत के बढ़ते आत्मविश्वास, सुशासन और गरीब कल्याण की नई गाथा है। उन्होंने गौरवपूर्वक घोषणा की कि इस समय अकेले सारण जिले में 37 हजार करोड़ रुपये की विशाल विकास परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है, जबकि 28 हजार करोड़ रुपये की नई महत्वाकांक्षी योजनाओं को मंजूरी दी गई है। इन समस्त परियोजनाओं के धरातल पर उतरने से सारण न केवल बिहार, बल्कि देश के विकास मॉडल का मुख्य केंद्र बनकर उभरेगा। प्रेस वार्ता में सांसद रूडी ने केंद्र सरकार की राष्ट्रीय उपलब्धियों का खाका खींचते हुए कहा कि पिछले 12 वर्षों में मुद्रा योजना से 40 करोड़ से अधिक लोगों को आर्थिक संबल मिला है और 4 करोड़ से अधिक वंचित




परिवारों को अपनी पक्की छत नसीब हुई है। इसके साथ ही देश के नागरिक उड्डयन क्षेत्र में अभूतपूर्व क्रांति आई है, जिससे हवाई अड्डों की संख्या 64 से बढ़कर 174 हो गई है।

**सोनपुर बनेगा दक्षिण एशिया का विशाल विमानन हब:** प्रेस वार्ता के दौरान सांसद राजीव प्रताप रूडी ने सारण के लिए सबसे बड़ी सौगात के रूप में प्रस्तावित सोनपुर ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल एयरपोर्ट और विमानन केंद्र को रेखांकित किया। उन्होंने इसे अपने 40 वर्षों के राजनीतिक जीवन का सबसे बड़ा सपना और ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। रूडी ने कहा कि सोनपुर में बनने वाला यह विमानन केंद्र केवल एक हवाई अड्डा नहीं, बल्कि दक्षिण एशिया का एक विशाल एविएशन हब होगा। इसके तहत बिहार को फ्लाइंग ट्रेनिंग और विमानन शिक्षा का एक बड़ा वैश्विक केंद्र बनाया जाएगा। व्यापक कार्ययोजना की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि विशाल केंद्र में प्रस्तावित हैं, जिससे यह देश के 5 सबसे बड़े हवाई अड्डों में शुमार हो जाएगा। यहां अत्याधुनिक विमानन अकादमी और विश्वस्तरीय फ्लाइंग सिमुलेटर केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इससे बिहार के युवाओं को पायलट, एयर ट्रैफिक कंट्रोलर और विमानन इंजीनियर बनने के लिए देश-विदेश नहीं, बल्कि वे अपने ही जिले में वैश्विक स्तर की शिक्षा और पायलट ट्रेनिंग पा सकेंगे। इस केंद्र में बड़े अंतरराष्ट्रीय विमान भी सीधे लैंड कर सकेंगे, जिससे यह समूचे उत्तर-पूर्व भारत, नेपाल, बांग्लादेश और भूटान के लिए मुख्य उड्डयन द्वार बनेगा।

**कनेक्टिविटी और सिंचाई का बदलेगा स्वरूप:** सारण की बुनियादी संरचना में हो रहे युगांतरकारी बदलावों की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि गंगा नदी पर दो नए मेगा पुलों का निर्माण प्रस्तावित है। इसमें एक पुल दीघा-बाकरपुर-सोनपुर को और दूसरा शेरपुर-दिघवारा क्षेत्र को सीधे एविएशन हब से जोड़ेगा।

साथ ही बाकरपुर-डुमरियाघाट सुपर एक्सप्रेस-वे और उत्तर रिंग रोड जैसी ढांचागत परियोजनाओं से सारण उत्तर बिहार का सबसे बड़ा परिवहन व कनेक्टिविटी हब बनेगा। इसके अलावा, धार्मिक पर्यटन को नई ऊंचाई देने के लिए गंगा तट पर भव्य 'मां अंबिका भवानी गंगा पथ' का विकास किया जा रहा है। सांसद ने कृषि और जल प्रबंधन के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदमों की चर्चा करते हुए बताया कि क्षेत्र में बाढ़ नियंत्रण और सिंचाई के लिए 11 हजार करोड़ की गंडक परियोजना और 1400 करोड़ की नदी इंटरलिंकिंग योजना को मंजूरी मिली है। इससे सारण देश का पहला अत्याधुनिक 'स्काडा' तकनीक आधारित स्मार्ट सिंचाई मॉडल जिला बनने जा रहा है, जहां किसान पूरी तरह से डिजिटल और कंप्यूटरीकृत तरीके से सीधे अपने खेतों तक पानी पहुंचा सकेंगे। इस महत्वपूर्ण अवसर पर स्थानीय विधायक छोटी कुमारी, राकेश सिंह, शंभू प्रसाद सिंह, सहित भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, प्रबुद्ध नागरिक और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मुख्य पार्षद के आश्वासन पर मढ़ौरा में सफाई कर्मियों की हड़ताल समाप्त, काम पर लौटे



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** पिछले दो दिनों से मढ़ौरा नगर पंचायत में जारी सफाई कर्मियों का गतिरोध रविवार को समाप्त हो गया। मुख्य पार्षद रूबी सिंह के सकारात्मक आश्वासन और हस्तक्षेप के बाद सफाई कर्मियों ने अपनी हड़ताल वापस ले ली और स्वेच्छा से काम पर लौट आए। बता दें कि वेतन कटौती से नाराज सफाई कर्मियों ने वेतन वृद्धि, बकाया भुगतान और हटाए गए कर्मचारियों की बहाली जैसी मांगों को लेकर बीते शुक्रवार से हड़ताल पर थे। शनिवार को आक्रोशित कर्मियों ने न केवल कार्य का बहिष्कार किया, बल्कि डबरा नदी पुल पर कचरा फैला दिया था, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। शनिवार को कार्यपालक पदाधिकारी हरिश्चंद्र ने भी वार्ता की कोशिश की थी, लेकिन तब बात नहीं बन सकी थी। रविवार सुबह मुख्य पार्षद ने आंदोलन कर रहे मजदूरों के साथ वार्ता की और उनकी विधि सम्मत मांगों को पूरा करने का भरोसा दिया। मजदूरों का पक्ष रखते हुए सुपरवाइजर मुन्ना ने बताया कि चेयरमैन के साथ बातचीत सकारात्मक रही। मुख्य पार्षद ने आश्वासन दिया है कि ठेकेदार के माध्यम से रुका हुआ वाजिब सारा बकाया पैसा जल्द दिलवाया जाएगा। साथ ही, विवाद के कारण जिन मजदूरों और सुपरवाइजरों को काम से हटाया गया था, उन्हें पुराने पद पर ही वापस बहाल किया जाएगा। साथ ही भरोसा दिया है कि बिना किसी भेदभाव के सरकारी नियमों के तहत न्यूनतम मजदूरी दी जाएगी। इस ठोस आश्वासन के बाद सफाई कर्मियों के काम पर लौटने से मढ़ौरा शहर में साफ सफाई की स्थिति अब सामान्य हो गई।

## सोनपुर विधायक कार्यालय में भाजपा द्वारा केंद्र में सत्ता '12 साल बेमिसाल' कार्यक्रम का किया आयोजन

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रविवार को सोनपुर विधायक कार्यालय में भाजपा द्वारा '12 साल बेमिसाल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बब्लु एवं संचालन नगर उपाध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह ने किया।कार्यक्रम की शुरुवात डॉ श्यामा प्रसाद मुख़र्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर पुष्पांजलि एवं वन्देमातरम से किया गया।इस अवसर पर सोनपुर विधायक विनय कुमार सिंह ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयाम स्थापित किए हैं। वही दूसरी ओर कार्यक्रम के अंत मे सोनपुर पटेल नगर निवासी रंजन सिंह के पुत्री लक्ष्मी सिंह को भारतीय सेना के महिला सैन्य पुलिस चयन होने पर विधायक ने अंग वस्त्र से सम्मानित कर बच्ची को हौसला बढ़ाया।कार्यक्रम के धन्यवाद ज्ञापन मण्डल महामंत्री ज्ञानसागर सिंह ने किया। राष्ट्रीय गीत जनगण मन से कार्यक्रम का समापन किया गया। मौके पर नरेश सिंह सुनील दुबे,संजीव कुमार सिंह,राजीव मुनमुन, दिव्यांशु गौतम, सहित दर्जनों कार्यकर्त्ता शामिल हुए।

## वैदिक आरोग्यम न्यूरोथेरेपी द्वारा लगायी गयी शिविर में मरीजों का नि :शुल्क जांच

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** हरिहरक्षेत्र सोनपुर स्थित प्रसिद्ध व ऐतिहासिक बाबा हरिहरनाथ मंदिर परिसर में वैदिक आरोग्यम न्यूरोथेरेपी द्वारा एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन रविवार क़ो किया गया।शिविर के दौरान दर्जनों नस रोग और गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों की जांच की गई और उन्हें थेरेपी के जरिए राहत पहुंचाई गई।निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन और चिकित्सा परामर्श विशेषज्ञ डॉ. नवीन शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। इस शिविर की शुरुआत मंदिर आचार्यों द्वारा वेदध्वनि के साथ विधिवत रूप से की गई।मंदिर के सह-कोषाध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिन्हा द्वारा चिकित्सकों के समूह को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। डॉ नवीन शर्मा ने बताया कि इस कैम्प के माध्यम से निःशुल्क बीमारिया जैसे सायटिका, स्लिप डिस्क, गठिया,सर्वाइकल, घुटनों के दर्द, लकवा (पैरालिसिस), और ब्रेन हेमरेज जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों की जांच कर उन्हें प्राकृतिक चिकित्सा का परामर्श भी दिया गया। यह स्वास्थ्य शिविर स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए प्रत्येक रविवार को सुबह में शिविर कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।बाबा हरिहरनाथ मंदिर न्यास समिति द्वारा 'वैदिक आरोग्यम न्यूरोथेरेपी' के द्वारा यह शिविर नसों से जुड़ी असाध्य बीमारियों से पीड़ित आमजन के लिए एक वरदान साबित हो रहा है।मंदिर न्यास समिति सचिव विजय कुमार सिंह जी का यह कदम जन-कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वैदिक आरोग्यम न्यूरोथेरेपी के मार्गदर्शक और उनकी पूरी टीम को भी साधुवाद, जो अपनी चिकित्सा पद्धति से लोगों को राहत और नया जीवन प्रदान कर रहे हैं।इस तरह के आध्यात्मिक स्थलों में स्वास्थ्य सेवाओं का जुड़ना स्थानीय लोगों के लिए एक बेहतरीन सुविधा है। इस शिविर में राकेश कुमार, सुमित कुमार, पंकज कुमार, अमरजीत कुमार,अमृता कुमारी,मीनाक्षी कुमारी ने अपने आए हुए मरीजों को सेवा देने में अहम भूमिका निभाई।

## मलखाचक गांव में चोरों ने आधा दर्जन घरों को बनाया निशाना, एक घर से लाखों की चोरी

**दैनिक खोज खबर/दिघवारा(सारण)।** थाना क्षेत्र के मलखाचक गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने आधा दर्जन से अधिक घरों को निशाना बनाते हुए दहशत फैला दी।चोरों ने कुल छह घरों में ताला तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया,जिसमें पांच घरों में उन्हें सफलता नहीं मिली,जबकि एक घर से नगदी सहित लाखों की संपत्ति चोरी कर फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चोर छत के रास्ते घरों में घुसे और ताला तोड़कर वारदात को अंजाम देने की कोशिश की। जिन घरों में चोरी का प्रयास किया गया, उनमें दिलीप पटेल, राम कुमार,भूषण शर्मा और वैद्यनाथ शाह समेत अन्य शामिल हैं। हालांकि इन घरों में चोर सफल नहीं हो सके।वहीं, प्रह्लाद प्रसाद के घर से चोरों ने करीब 50 हजार रुपये नगद और लगभग चार लाख रुपये मूल्य के आभूषण, कपड़े व बर्तन की चोरी कर ली।घटना की सूचना मिलते ही दिघवारा थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई थी।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर सदर अस्पताल में रक्तदान शिविर, 17 जुलाई तक चलेगा विशेष अभियान

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रविवार को छपरा सदर अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान दर्जनों युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। रक्तदाताओं के उत्साह से अस्पताल परिसर में काफी सकारात्मक माहौल देखा गया। इस मौके पर ब्लड बैंक की प्रभारी किरण ओझा ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंद मरीजों की जान बचा सकता है। इसलिए सभी स्वस्थ व्यक्तियों को नियमित रूप



से रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए।

उन्होंने जानकारी दी कि अस्पताल में 14 जून से 17 जुलाई तक विशेष रक्तदान अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ब्लड बैंक में रक्त का पर्याप्त भंडार बनाए रखना और आम लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना है। प्रभारी ने यह भी स्पष्ट किया कि रक्तदान पूरी तरह से एक सुरक्षित प्रक्रिया है और इससे शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है। शिविर में जनकल्याण रक्तदान समूह के संस्थापक और सदस्यों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। समूह के संस्थापक अजीत कुमार सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान है और हमारे एक छोटे से प्रयास से किसी का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों से इस एक महीने तक चलने वाले अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। शिविर के अंत में बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग की ओर से रक्तदान करने वाले सभी रक्तवीरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## शिक्षा मंत्री करेंगे सारण जिला स्तरीय स्काउट-गाइड एकता शिविर का उद्घाटन

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** भारत स्काउट और गाइड, सारण के तत्वावधान में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय एकता शिविर 2026 की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। युवाओं के इस महाकुंभ का विधिवत उद्घाटन 16 जून को बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री मिथलेश तिवारी करेंगे। वहीं, समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के कला संस्कृति मंत्री शामिल होंगे। शिविर की पूर्व संध्या पर आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस भव्य आयोजन की विस्तृत रूपरेखा साझा की गई। यह शिविर युवाओं को राष्ट्र निर्माण और जीवन रक्षक कौशलों से जोड़ने का एक बड़ा मंच बनेगा। आयोजन के दौरान प्रतिदिन चार विशेष सत्र चलाए जाएंगे। इनमें मुख्य रूप से आपदा प्रबंधन, अग्निशामक प्रशिक्षण, साइबर सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और यूथ फोरम के तहत वैचारिक चर्चाएं शामिल हैं। इसके अलावा युवाओं की रचनात्मकता को निखारने के लिए रंगोली, मेहंदी और पेंटिंग प्रतियोगिताएं होंगी, जबकि हर शाम कैंप फायर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस जिला स्तरीय शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों का बड़ा जमावड़ा रहेगा। मार्गदर्शन के लिए महाराजगंज के सांसद, छपरा व मांझी के विधायक सहित सारण के जिलाधिकारी, उप विकास आयुक्त और डिस्ट्रिक्ट जज समेत विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत स्काउट और गाइड सारण के उपाध्यक्ष डॉ. हरेंद्र सिंह, जिला संगठन आयुक्त अमन राज सहित कई प्रशिक्षक उपस्थित थे।

## छपरा सर्किल में पीएम सूर्य घर योजना के तहत यूएलए परियोजना की शुरुआत



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत बिहार में 275 मेगावाट क्षमता की 'यूटिलिटी लेड एग्रीगेशन' परियोजना ने रफ्तार पकड़ ली है। इस कल्याणकारी योजना का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और बीपीएल परिवारों के घरों पर सौर ऊर्जा संयंत्र यानी सोलर पैनल स्थापित कर उन्हें स्वच्छ, सस्ती और निरंतर बिजली उपलब्ध कराना है। इसी कड़ी में सारण संभाग के छपरा, सीवान और गोपालगंज जिलों में इस परियोजना का कार्य सफलतापूर्वक शुरू हो गया है। इस पूरी परियोजना के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी 'सुग्स लॉयड लिमिटेड' कंपनी संभाल रही है, जिसकी टीम धरातल पर तेजी से काम कर रही है। वरिष्ठ अधिकारी आबिद अली के मार्गदर्शन में परियोजना की रणनीतिक रूपरेखा तैयार की गई है, जिससे कार्य की गति और गुणवत्ता दोनों सुनिश्चित हो रही है। वहीं, छपरा सर्किल में इस परियोजना का नेतृत्व प्रोजेक्ट मैनेजर प्रमिल पांडेय कर रहे हैं। उनकी देखरेख में फील्ड सर्वे और तकनीकी प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा किया जा रहा है। गोपालगंज के जिलाधिकारी ने फील्ड स्तर पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण करने के बाद टीम के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने प्रमिल पांडेय और उनकी टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह योजना गरीब व मध्यमवर्गीय परिवारों को बिजली बिल से राहत देगी और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देगी। प्रोजेक्ट मैनेजर प्रमिल पांडेय ने कहा कि उनकी टीम हर पात्र परिवार तक इसका लाभ पहुंचाने और समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## ग्यासपुर मठिया में जमीनी विवाद में मारपीट, आठ घायल

**सिसवन (सिवान)।** थाना क्षेत्र के ग्यासपुर मठिया में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। मारपीट की घटना में आठ लोग घायल हो गए। घायलों में मुन्ना मल्लाह, उनकी पत्नी बुच्ची देवी, पुत्र अमन कुमार मल्लाह, पुत्री सोनाली कुमारी, श्याम बहादुर की पत्नी मीना देवी, चंदन चौधरी की पत्नी पूनम देवी, राजू राय की पत्नी राधिका देवी और विनोद राय की पत्नी रेखा देवी शामिल हैं। सभी घायलों का इलाज सिसवन रेफरल अस्पताल में कराया गया। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में प्राथमिकी कराई है। वहीं पुलिस प्राथमिकी कर मामले की जांच में जुट गई है।

## चांदपुर में आपसी विवाद में दो महिला समेत तीन लोग घायल

**सिसवन (सिवान)।** थाना क्षेत्र के चांदपुर गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में दो महिलाओं सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों में स्थानीय निवासी मुस्लिम अंसारी की पत्नी रेशमा खातून, तस्लीम अंसारी की पत्नी रूखसाना खातून तथा अकबर अंसारी के पुत्र अक्षर अली शामिल हैं। बताया जाता है कि आपसी विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई, इससे गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सभी घायलों को तत्काल सिसवन रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

## बिजली के तार की चपेट में आने से महिला की मौत

**सीवान।** जीबी नगर थाना क्षेत्र के तरवारा मठिया गांव स्थित स्टेट बोरिंग के समीप रविवार को बिजली के तार की चपेट में आने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। मृतका की पहचान गांव निवासी कन्हैया शाह की पत्नी मालती देवी के रूप में हुई है। इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मालती देवी रविवार दोपहर खेत की ओर गई थीं। इसी दौरान वह बिजली के प्रवाहित तार की चपेट में आ गई, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। वहीं सूचना मिलने पर स्वजन भी घटनास्थल पर पहुंचे, जहां मालती देवी को मृत देखकर परिवार में चीख-पुकार मच गई।

## विश्व रक्तदान दिवस पर किया गया 200 यूनिट रक्त संग्रह, रक्तदाताओं का हुआ सम्मान




**परवेज़ अख़्तर/सीवान।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर रविवार को शहर के पीदेवी मोड़ स्थित सिटी पैलेस मैरेज हाल में सारथी टीम एवं डिस्ट्रिक्ट ब्लड डोनर टीम (डीबीडीटी) के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए करीब 200 यूनिट रक्तदान किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय ने रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला।

वहीं संस्थापक सचिव नेमतुल्लाह खान ने बताया कि यह संस्था का 50वां शिविर है और एकत्रित रक्त थैलेसीमिया, कैंसर एवं अन्य गंभीर रोगियों के उपचार में उपयोग होगा। रक्तदाताओं को मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मौके पर कई चिकित्सक एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में बाइक चालक घायल

**रुकुंदीपुर (मांझी)।** मांझी-बरौली मुख्य मार्ग पर रविवार को रानीवारी बाजार के समीप सड़क हादसे में एक बाइक चालक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार सारण के जनता बाजार निवासी मदन प्रसाद बाइक से चनचौरा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अचानक सड़क पर आई एक गाय को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, इससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और घायल को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा। चिकित्सक के अनुसार घायल की स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है।

## मारपीट के मामले में दो महिलाओं पर प्राथमिकी

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना क्षेत्र के चोरमा में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में दो महिलाओं के खिलाफ प्राथमिकी की गई है। यह कार्रवाई बबलू कुमार के आवेदन पर शनिवार को थाने में की गई। प्राथमिकी में बसंती देवी और उनकी पुत्री पुतुल कुमारी को आरोपित किया गया है। बताया जाता है कि दोनों पक्षों के बीच किसी पुराने विवाद को लेकर कहासुनी हुई।

## दो अलग अलग गांवों में हुई मारपीट में तीन घायल

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना क्षेत्र के ठिकहां और सरसैंया गांव में रविवार को बच्चों के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। ठिकहां गांव में बच्चों के बीच हुए विवाद के बाद हुई मारपीट में बच्चा राय और उनकी पत्नी रासमुनी देवी घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहीं सरसैंया में भी इसी तरह के विवाद में ओंकार कुमार नामक युवक घायल हो गया, जिसका उपचार सीएचसी में किया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## मांझी में विचार गोष्ठी संपन्न, विकास को गति देने का संकल्प



**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** मांझी नगर पंचायत के सर्वांगीण विकास और क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के संकल्प के साथ दलन सिंह उच्च विद्यालय में विचार गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में मौजूद बुद्धिजीवियों ने बीते चार वर्षों में अपेक्षा के अनुरूप विकास न होने पर चिंता जताई। वक्ताओं ने नगर पंचायत के प्रथम सत्र के अंतिम वर्ष में विकास कार्यों में तेजी लाने का संकल्प लिया तथा चयनित मुख्य पार्षद उप मुख्य पार्षद तथा सशक्त समिति एवम कार्यपालक पदाधिकारी के बीच समन्वय स्थापित कर मांझी के विकास को नया आयाम देने की वकालत की। वक्ताओं ने मांझी की ऐतिहासिक एवम सांस्कृतिक विरासत की चर्चा करते हुए कहा कि प्राचीन जमाने में मांझी परगना के रूप में मशहूर था। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वतंत्रता सेनानी स्व. दलन सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। समापन पर नगर पंचायत के वार्ड पार्षद स्व. राजा बाबू ठाकुर के सम्मान में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गोष्ठी को उप मुख्य पार्षद नीतू सिंह, रिंकू गुप्ता, भागवत तिवारी, अशोक यादव, सुमित गिरी, चांद अहमद, रंजन शर्मा, सलाम मियाँ, डॉ के डी यादव, नवरत्न प्रसाद, उद्धव यादव, नेहाल खान, सत्य प्रकाश सिंह, नागेन्द्र ठाकुर तथा संजीव श्रीवास्तव, समेत अन्य कई वक्ताओं ने संबोधित किया। अध्यक्षता नवी हसन ने की और संचालन सोहैल अहमद ने किया।

## संस्कारित, समर्थ एवं समृद्ध भारत का निर्माण ही परिषद् का लक्ष्य: सुमन सिंह



**दैनिक खोज खबर/सिवान।** भारत विकास परिषद्, देशरत्न शाखा सिवान द्वारा रविवार को दयानंद आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के सभागार में एक दिवसीय जिला कार्यकर्ता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में संगठन विस्तार, सेवा परियोजनाओं और सामाजिक जागरण पर विशेष बल दिया गया।मुख्य अतिथि एवं परिषद् की क्षेत्रीय अध्यक्ष सुमन सिंह ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि भारत विकास परिषद् का मूल उद्देश्य राष्ट्र में सेवा, संस्कार, सहयोग और समर्पण की भावना को सुदृढ़ करना है। परिषद् देश के प्रबुद्ध एवं संपन्न वर्ग को समाज के वंचित वर्ग से जोड़कर एक समरस, संगठित और आत्मनिर्भर समाज के निर्माण के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि 'स्वस्थ, समर्थ, संस्कारित भारत' के ध्येय वाक्य को लेकर संगठन देश भर में शिक्षा, चिकित्सा, पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सक्रिय है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से परिषद् की विचारधारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यशाला की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष रोहित सिंह ने की और संचालन नवीन सिंह परमार ने किया। डॉ. सुधांशु शेखर त्रिपाठी के नेतृत्व में सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिन्ह देकर किया। इस दौरान आयोजित छह अलग-अलग सत्रों में परिषद् की कार्यपद्धति और जनसंपर्क विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

# छपरा में जलजमाव से निपटने को लेकर मॉक ड्रिल, डीएम ने किया निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** मानसून के दौरान छपरा शहर को जलजमाव की समस्या से बचाने और प्रभावी जलनिकासी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। नगर निगम, बुडको एवं पुल निर्माण निगम द्वारा विभिन्न स्थलों पर पंप लगाकर जल निकासी की व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में रविवार को नगर क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर पंपों के संचालन को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसका जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने स्थलीय निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जलनिकासी से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा संबंधित विभागों एवं कार्यकारी एजेंसियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने डबल डेकर सड़क परियोजना के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए पुल निर्माण



निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वर्षा के दौरान कहीं भी जलजमाव की स्थिति उत्पन्न न हो। इसके लिए विभिन्न आवश्यक स्थलों पर लगाए गए पंपों की क्रियाशीलता निरंतर सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नगर निगम एवं बुडको के अधिकारियों को ऐसे अन्य उपयुक्त स्थलों का चिन्हांकन कर पुल निर्माण निगम को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, जहां अतिरिक्त पंप स्थापित किए जाने की आवश्यकता है।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न स्थानों पर लगाए गए जलनिकासी पंपों की कार्यक्षमता का जायजा लिया तथा अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी पंप मानसून अवधि में पूर्ण रूप से क्रियाशील रहें।आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त पंपों की भी व्यवस्था की जाए।जिलाधिकारी ने भिखारी ठाकुर चौक, मौना चौक सहित अन्य जलजमाव संभावित क्षेत्रों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि शहरवासियों को मानसून के दौरान जलजमाव की समस्या से राहत दिलाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी एजेंसियां नियमित निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें।इसके साथ ही जिलाधिकारी ने बुडको के अधिकारियों को निर्देश दिया कि खनुआ नाला के अवशेष खुले भाग को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र कवर किया जाए ताकि जलनिकासी व्यवस्था सुचारू बनी रहे। वहीं, पुल निर्माण निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि जिन स्थानों पर तत्काल पक्का नाला निर्माण संभव नहीं है, वहां अस्थायी व्यवस्था के रूप में कच्चे नाले की कटाई कर जलनिकासी का मार्ग सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मानसून अवधि के दौरान जलनिकासी व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी तथा किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर संबंधित एजेंसी द्वारा त्वरित कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त, परियोजना निदेशक बुडको सहित नगर निगम, बुडको एवं पुल निर्माण निगम के संबंधित पदाधिकारी एवं अभियंता उपस्थित थे।

## मंडल रेल प्रबंधक ने हाजीपुर स्टेशन का किया निरीक्षण



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा रेलवे अवसंरचना के विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के उद्देश्य से 14 जून 2026 (रविवार ) को सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन द्वारा हाजीपुर स्टेशन का गहन निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने स्टेशन परिसर की स्वच्छता व्यवस्था, यात्री सुविधाओं, प्रतीक्षालय, बुकिंग कार्यालय, पार्किंग क्षेत्र, फुट ओवर ब्रिज, प्लेटफॉर्मों की स्थिति तथा स्टेशन के विभिन्न परिचालन एवं वाणिज्यिक क्षेत्रों का अवलोकन किया।

उन्होंने यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुगम यात्रा अनुभव उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।मंडल रेल प्रबंधक ने स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं के रखरखाव, साफ-सफाई की व्यवस्था तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया।

उन्होंने अधिकारियों को नियमित निगरानी एवं प्रभावी कार्यान्वयन के माध्यम से स्टेशन के समग्र विकास को गति देने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत हाजीपुर स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की भी विस्तृत समीक्षा की। निर्माण कार्यों की प्रगति का निरीक्षण करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी एजेंसियों को सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने यह सुनिश्चित करने पर बल दिया कि निर्माण कार्यों के दौरान यात्रियों की सुविधाओं एवं सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए।

उल्लेखनीय है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हाजीपुर स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं, बेहतर यात्री सेवाओं तथा आकर्षक स्टेशन अवसंरचना से सुसज्जित किया जा रहा है, जिससे यात्रियों को भविष्य में और अधिक सुविधाजनक एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्राप्त होंगी।निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक धीरज कुमार सहित मंडल के विभिन्न शाखा अधिकारी एवं संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हरिहर क्षेत्र के कालीघाट पर भव्य गंगा आरती, स्वच्छता का लिया संकल्प

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** हरिहर क्षेत्र की पावन भूमि कालीघाट पर रविवार संध्या धनुष कुटी आश्रम के संत बालक बाबा के नेतृत्व में भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया। इस आध्यात्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान विद्वान पंडितों ने वैदिक मंत्रों का उच्चारण किया, जिससे पूरा कालीघाट क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब गया। शंख ध्वनि, घंटों की मधुर आवाज और दीपों की जगमगाहट के बीच मां गंगा की विधि-विधान से आरती संपन्न हुई। आरती के समय उपस्थित श्रद्धालु 'हर-हर गंगे' और 'जय मां गंगे' के जयघोष से पूरे घाट को गुंजायमान करते रहे। संत बालक बाबा ने अपने संबोधन में कहा कि मां गंगा केवल एक नदी नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आस्था और जीवन की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि गंगा की स्वच्छता बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि हम अपनी नदियों और घाटों को स्वच्छ रखेंगे, तभी आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध और निर्मल जल मिल सकेगा।गंगा आरती के उपरांत सभी श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि वे मां गंगा को स्वच्छ रखने, घाटों एवं आसपास के स्थलों की साफ-सफाई बनाए रखने तथा नदियों में कूड़ा-कचरा नहीं फेंकने के प्रति जागरूक रहेंगे। साथ ही दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। श्रद्धालुओं ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक और सामाजिक आयोजन न केवल आस्था को मजबूत करते हैं, बल्कि समाज में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता भी बढ़ाते हैं। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

## हरिहरनाथ कॉरिडोर के लिए भूमि चयन व मापी कार्य शुरू



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** हरिहर क्षेत्र के पावन भूमि विश्व प्रसिद्ध बाबा हरिहरनाथ मंदिर के समक्ष क्षेत्र के समग्र विकास और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित हरिहरनाथ कॉरिडोर परियोजना पर प्रशासनिक प्रक्रिया तेज हो गई है। सारण जिला प्रशासन के निर्देश पर सोनपुर डीसीएलआर, सीओ,बीपीआरओ, अमीन, कानूनगो, इंजीनियर ,अमीन सहित अन्य अधिकारियो ने परियोजना के लिए शनिवार क़ो स्थल पहुँच कर आवश्यक भूमि के चयन, सर्वेक्षण और चिह्नांकन का कार्य शुरू कर दिया है। इसके लिए विशेष मापी दल क्षेत्र में सक्रिय होकर संभावित जमीनों का निरीक्षण कर रहा है।जानकारी के अनुसार, कॉरिडोर निर्माण के लिए 10 सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति में राजस्व, अंचल, अभियंत्रण एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ स्थानीय प्रतिनिधियों को भी शामिल किया गया है, ताकि प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से पूरी हो सके। प्रशासन की ओर से भू-स्वामियों एवं स्थानीय नागरिकों से भूमि संबंधी सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने और सर्वेक्षण टीम को सहयोग देने की अपील की गई है।प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक, कॉरिडोर की जद में आने वाली भूमि, मकान, दुकान तथा अन्य स्थायी संरचनाओं का विस्तृत मूल्यांकन किया जा रहा है। प्रभावित लोगों को सरकार की नीति के अनुसार उचित मुआवजा दिया जाएगा। भवनों का तकनीकी आकलन अभियंताओं द्वारा किया जा रहा है, जबकि भूमि का मूल्यांकन राजस्व अभिलेख, रसीद, दाखिल-खारिज और उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर तय किया जाएगा।हालांकि, इस परियोजना को लेकर स्थानीय लोगों और भू-स्वामियों के बीच अभी भी कई तरह की आशंकाएं बनी हुई हैं। विनोद सम्राट, नवल सिंह, सुधीर सिंह, आशुतोष कुमार, बीरेंद्र शर्मा, पवन शर्मा, अविनाश शर्मा, भरत सिंह नितेश कुमार सहित स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से रैयती अधिकारों की मान्यता, राजस्व रसीद निर्गत करने, म्यूटेशन तथा भूमि संबंधी अन्य विवाद लंबित हैं। ऐसे में पहले इन समस्याओं का समाधान होना चाहिए।




## हथियार से फायरिंग का वीडियो प्रसारित, पुलिस ने युवक को किया गिरफ्तार

**परवेज़ अख्तर/सीवान।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र में अवैध हथियार से फायरिंग करते हुए एक युवक का वीडियो मोबाइल मीडिया पर प्रसारित होने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान टिकरी निवासी बसंत कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके घर से एक कट्टा और एक कारतूस भी बरामद किया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि जिले में अवैध हथियार और हर्ष फायरिंग के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 13 जून को पुलिस को एक वीडियो प्राप्त हुआ, जिसमें एक युवक को हथियार से फायरिंग करते हुए देखा गया। वीडियो के सत्यापन में उसकी पहचान बसंत कुमार के रूप में हुई। इसके बाद हुसैनगंज थाना पुलिस ने त्वरित छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वीडियो में दिख रहा व्यक्ति वही है, हालांकि उसने दावा किया कि वीडियो करीब चार वर्ष पुराना है। फिलहाल पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष मोहन प्रसाद सिंह समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## सर्पदंश से युवक की मौत, गांव में शोक की लहर

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना क्षेत्र के खैरवा गांव में रविवार को सर्पदंश से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान शिवप्रसाद महतो के 28 वर्षीय पुत्र टुनटुन कुमार के रूप में हुई है। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि टुनटुन कुमार किसी काम से अपने खेत में गया हुआ था, जहां उसे एक जहरीले सांप ने काट लिया। सांप के काटने के बाद उसकी हालत अचानक बिगड़ने लगी और वह अचेत अवस्था में चला गया। स्वजनों ने गंभीर स्थिति के बावजूद शुरुआती समय में इलाज कराने के बजाय झाड़-फूंक का सहारा लिया, इससे इलाज में देरी हो गई। जब युवक की हालत लगातार बिगड़ती गई तो उसे आनन-फानन में स्थानीय चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। स्वजनों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर जुट गए और उन्हें सांत्वना देने का प्रयास करते रहे।

## आपसी विवाद में साले ने बहनोई को मारी गोली, जांच में जुटी पुलिस

**परवेज़ अख्तर/सीवान।** जीबी नगर थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर मठिया गांव में शनिवार की देर शाम आपसी विवाद को लेकर साले और बहनोई के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। गुस्से में साले ने अपने बहनोई के पैर में गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल की पहचान दूधनाथ गिरि के पुत्र मंतोष गिरि के रूप में हुई है। वहीं आरोपित साला हरिहरपुर मठिया निवासी परमा गिरी का पुत्र सोनू गिरि है। घायल मंतोष गिरी ने बताया कि उनका साला सोनू गिरि शुक्रवार को अपने पिता परमा गिरि के साथ मारपीट किया था। जिसमें उन्हें मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, इसके बाद उन्हें दांत से काटकर लहूलुहान भी कर दिया था। जब हमलोगों को इसकी जानकारी हुई तो वे अपनी पत्नी के साथ हरिहरपुर मठिया पहुंचे, जहां उन्हें घायलावस्था में अपने साथ लेकर मोहम्मदपुर चले गए। इसी बीच शनिवार की शाम साला आग बबूला होकर मेरे घर पहुंचा और गाली गलौज करने लगा। जब मैने इसका विरोध किया तो उसने अचानक अपने कमर से हथियार निकालकर फायरिंग कर दी। इस दौरान मेरे पैर में गोली लग गई और मै घायल हो गया। गोली की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तब तक वह भागने लगा, जिसको लोगों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज चल रहा है। वही सोनू की स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया। वहीं घटना की सूचना स्थानीय थाना को मिली तो पुलिस पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए।बताया जाता है कि सोनू पांच वर्ष पूर्व उसने मुखिया रामचंद्र यादव पर जानलेवा हमला किया था, जिसमें मुखिया बाल-बाल बचे थे। इस मामले में वह जेल भी गया था। वहीं होली के दौरान हुए एक विवाद में उसने तीन पड़ोसियों को भाला मारकर गंभीर रूप से घायल किया था। सोनू पर करीब आधा दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं और पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

## भीषण गर्मी में बिजली उपभोक्ताओं को राहत

**सिवान।** भीषण गर्मी के बीच बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली कंपनी ने एक और हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। अब उपभोक्ता 06154-240041 और पहले से संचालित 9264456410 दोनों नंबरों पर 24 घंटे अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। शहरी, ग्रामीण, रघुनाथपुर और मैरवा सब डिवीजन के उपभोक्ताओं को इस सुविधा का लाभ मिलेगा। विद्युत कार्यपालक अभियंता रौशन कुमार ने बताया कि गर्मी में बिजली की मांग और शिकायतों में बढ़ोतरी को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। दोनों नंबरों पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा ताकि उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सके। विभाग का उद्देश्य है कि फ्यूज काल, ट्रिपिंग और आपूर्ति बाधित होने जैसी समस्याओं का शीघ्र समाधान हो। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन पर संपर्क करें। कंपनी ने बेहतर सेवा का भरोसा दिलाया है।

## आधी रात प्रेमिका से मिलने पहुंचे युवक की ग्रामीणों ने कराई शादी, गांव में बनी चर्चा का विषय

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना क्षेत्र के उत्तरी साघर सुल्तानपुर पंचायत के महना गांव में शनिवार की रात एक प्रेम प्रसंग का मामला अनोखे तरीके से विवाह में बदल गया। मछगरा निवासी महंत प्रसाद के पुत्र निरंजन कुमार अपनी प्रेमिका से मिलने आधी रात उसके घर पहुंचा था। इसी दौरान युवती के स्वजनों को इसकी भनक लग गई और उन्होंने ग्रामीणों की मदद से युवक को पकड़ लिया। सूचना मिलने पर स्थानीय जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे। बातचीत के दौरान दोनों पक्षों की सहमति से मामले को सामाजिक रूप से सुलझाने का निर्णय लिया गया। जिला पार्षद प्रतिनिधि मोमेंद्र राय के अनुसार, सरपंच प्रभुनाथ राय और पैक्स अध्यक्ष राजू राय की मौजूदगी में स्टांप पेपर पर दोनों परिवारों तथा वर-वधू के हस्ताक्षर के बाद विवाह संपन्न कराया गया। वहीं रविवार को औपचारिक रस्मों के बाद युवक के स्वजन दुल्हन बनी युवती को विदा कर अपने साथ ले गए। इस घटना के बाद पूरा क्षेत्र चर्चा में है और लोग इसे प्रेम प्रसंग के सामाजिक समाधान के रूप में देख रहे हैं।

# सीएम के पपौर दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी, डीआईजी ने किया स्थल निरीक्षण



**परवेज़ अख्तर/सीवान।** पचरूखी प्रखंड स्थित पपौर गांव में आगामी 16 जून को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। कार्यक्रम को सफल और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से पुलिस एवं प्रशासनिक अमला पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में शनिवार की देर शाम सारण डीआईजी नीलेश कुमार ने कार्यक्रम स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया। उनके साथ पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा भी मौजूद रहे। डीआईजी ने मंच, आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था, पार्किंग स्थल, प्रवेश एवं निकास मार्ग, बैरिकेडिंग और सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया।डीआईजी ने यह भी निर्देश दिया कि कार्यक्रम स्थल पर आने वाले लोगों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए तथा आपात स्थिति से निपटने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी तैयार रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाए। वहीं पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कार्यक्रम स्थल के साथ-साथ हेलीपैड की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया है। सुरक्षा, यातायात नियंत्रण, पार्किंग और बैरिकेडिंग को लेकर विस्तृत योजना तैयार की जा रही है, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सफल तरीके से संपन्न हो सके।

## मद्य निषेध सिपाही परीक्षा को लेकर होटलों व लाजों में चला सघन जांच अभियान

**परवेज़ अख्तर/सीवान।** बिहार मद्य निषेध सिपाही भर्ती परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में रहा। परीक्षा को देखते हुए शनिवार की देर रात से हीं जिले में सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया गया था तथा विभिन्न स्तरों पर निगरानी तेज कर दी गई थी। इसी क्रम में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा जिले के विभिन्न होटलों, लाज, धर्मशालाओं और अन्य ठहराव स्थलों पर सघन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ठहरे हुए आगंतुकों की पहचान का सत्यापन किया गया और उनके दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई। टीम ने होटल एवं लाज संचालकों द्वारा संधारित रजिस्टरों का भी निरीक्षण किया तथा यह भी सुनिश्चित किया कि सभी प्रविष्टियां सही और अद्यतन हों। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक ठहरने वाले व्यक्ति का पूरा विवरण निर्धारित नियमों के अनुसार दर्ज किया जाना अनिवार्य है। साथ हीं संचालकों को संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना स्थानीय पुलिस को देने के निर्देश दिए गए। जांच के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों पर विशेष नजर रखी गई, हालांकि किसी बड़ी अनियमितता की सूचना नहीं मिली है। प्रशासन ने साफ किया है कि परीक्षा में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनुचित गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क हादसे में कार चालक की मौत, भतीजा घायल

**सिवान।** सिसवन थाना क्षेत्र के पड़री गांव के समीप रविवार को सड़क हादसे में एक कार चालक की मौत हो गई, जबकि कार में सवार उसका भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक की पहचान रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के हरनाथपुर निवासी चिरकुट गोंड के पुत्र परशुराम साह के रूप में हुई है। वहीं घायल युवक मृतक का भतीजा विशाल साह है।जानकारी के अनुसार, दोनों कार से जैतपुर गांव स्थित अपनी बहन के ससुराल जा रहे थे। लौटते समय पड़री गांव के पास एक मोड़ पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक को देखकर चालक ने बचाव का प्रयास किया। इसी दौरान कार सड़क से नीचे उतर गई और दोबारा चढ़ाने के प्रयास में संतुलन बिगड़ गया, इससे वाहन सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया। हादसे में विशाल किसी तरह बाहर निकलने में सफल रहा, लेकिन परशुराम साह कार के अंदर ही फंस गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने शोर सुनकर राहत कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी। बाद में कार को सीधा कर शव बाहर निकाला गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष चितरंजन कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में ट्रक से बचने के प्रयास में हादसा होने की बात सामने आई है। फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

# 12 साल बेमिसाल अभियान के तहत जनसंपर्क कर गिनाई गई केंद्र सरकार की उपलब्धियां



**परवेज़ अख्तर/सीवान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चलाए जा रहे 12 साल बेमिसाल जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा के प्रदेश मंत्री मुकेश सिंह कुशवाहा उर्फ बंटी ने शनिवार को जीरादेई विधानसभा क्षेत्र के नौतन मंडल की विभिन्न पंचायतों तथा मैरवा नगर के कई वार्डों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आमजन से सीधा संवाद स्थापित कर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और पिछले 12 वर्षों में हुए विकास कार्यों की जानकारी साझा की। प्रदेश मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने सुशासन, गरीब कल्याण, महिला सशक्तीकरण, आधारभूत संरचना के विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं ताकि अधिक से अधिक लोग योजनाओं का लाभ उठा सकें।

जनसंपर्क अभियान के दौरान उन्होंने क्षेत्र के बुद्धिजीवियों, शिक्षकों, समाजसेवियों, वरिष्ठ नागरिकों और पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की तथा उनका सम्मान भी किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है, जिससे जनता का विश्वास सरकार के प्रति और मजबूत हुआ है। इस दौरान क्षेत्र में भाजपा और प्रधानमंत्री के प्रति लोगों में उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष कृष्ण प्रसाद, सुमंत वर्णवाल, अंकुर चौबे, रमेश सिंह, विवेक सिंह, नीरज तिवारी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दारौंदा यार्ड में घायल मिला अज्ञात व्यक्ति, आरपीएफ ने पहुंचाया अस्पताल

**परवेज़ अख्तर/सीवान।** दारौंदा रेलवे यार्ड में रविवार की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति के गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते हीं रेलवे सुरक्षा बल ने तत्परता दिखाते हुए घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार सुबह करीब छह बजे स्टेशन मास्टर ने आरपीएफ चौकी को सूचना दी कि किमी संख्या 370/33-35 के बीच अप एवं डाउन लाइन के बीच एक व्यक्ति घायल पड़ा है।

सूचना पर एएसआई ग्यास सरवर और हेड कांस्टेबल संजय कुमार तिवारी मौके पर पहुंचे। टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा।

चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया। आरपीएफ ने घायल का उपचार सुनिश्चित कराया। समाचार प्रेषण तक घायल की पहचान नहीं हो सकी थी। मामले की जांच की जा रही है।

## परीक्षा समाप्त होते हीं अभ्यर्थियों ने ट्रेनों में जमाया कब्जा

**परवेज़ अख्तर/सीवान।** बिहार मद्य निषेध सिपाही भर्ती परीक्षा की पहली और दूसरी पाली समाप्त होने के बाद रविवार को जंक्शन पर अभ्यर्थियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। परीक्षा खत्म होते ही बड़ी संख्या में परीक्षार्थी एक साथ स्टेशन पहुंच गए, इसके चलते प्लेटफार्म और ट्रेनों में भीड़ का दबाव काफी बढ़ गया। कई ट्रेनों में तो अभ्यर्थियों का कब्जा सा नजर आया। वहीं स्थिति की गंभीरता को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने तुरंत विशेष इंतजाम किए। आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव की निगरानी में सुरक्षा बलों ने मोर्चा संभाला और भीड़ को नियंत्रित करते हुए यात्रियों को व्यवस्थित ढंग से ट्रेनों में बैठाया गया। इस दौरान रेलवे सुरक्षा बल, राजकीय रेलवे पुलिस, नगर थाना की पुलिस टीम और रेलवे कर्मियों की संयुक्त टीम लगातार सक्रिय रही। भीड़ प्रबंधन के दौरान गाड़ी संख्या 14006 आनंद बिहार-सीतामढ़ी लिच्छवी एक्सप्रेस, 02564 नई दिल्ली-बरौनी क्लोन एक्सप्रेस, 02570 नई दिल्ली-दरभंगा क्लोन एक्सप्रेस, 15048 गोरखपुर-कोलकाता पूर्वांचल एक्सप्रेस सहित परीक्षा विशेष ट्रेन 05106 सिवान-हाजीपुर में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों को रवाना किया गया।

## फरार तीन अभियुक्तों पर 25-25 सौ रुपये का इनाम घोषित

**सिवान ।** जिले की पुलिस ने फरार चल रहे तीन अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए 25-25 सौ रुपये का इनाम घोषित किया है। यह कार्रवाई सिसवन थाना कांड संख्या 405/25 के तहत की गई है। पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इनामी अभियुक्तों में महातम गोंड, सोनू गोंड और रामबाबू गोंड शामिल हैं, जो घटना के बाद से फरार चल रहे हैं। एसपी ने बताया कि पुलिस टीमों को विभिन्न संभावित ठिकानों पर भेजा गया है और जल्द गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को अभियुक्तों के बारे में कोई जानकारी मिले तो वह तुरंत नजदीकी थाना या जिला पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 9031683607 पर सूचना दें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

## स्कार्पियो से 43.92 लीटर विदेशी शराब बरामद

**महाराजगंज ( सिवान ) ।** थाना की पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक स्कार्पियो से 43.92 लीटर विदेशी शराब बरामद की है । इस दौरान दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक मौके का फायदा उठाते हुए फरार हो गया । पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त स्कार्पियो और तीन मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं ।

## 57 लीटर देसी शराब के साथ महिला समेत दो गिरफ्तार

**दारौंदा (सिवान)।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। अलग-अलग स्थानों पर की गई छापेमारी में कुल 57 लीटर देसी शराब बरामद करते हुए एक महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही लंबे समय से फरार चल रहे एक वारंटी को भी पुलिस ने दबोचकर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि रामजी छपरा गांव में छापेमारी के दौरान 32 लीटर देसी शराब बरामद हुई। इस मामले में एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया गया है और दारौंदा थाना कांड संख्या 254/2026 दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में नंदा टोला में लालबाबू राय के घर पर की गई छापेमारी में 25 लीटर देसी शराब बरामद हुई। इस मामले में एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर कांड संख्या 256/2026 के तहत जांच शुरू कर दी गई है। इसके अलावा पुलिस ने नंदा टोला क्षेत्र से फरार चल रहे वारंटी रामगढ़ा निवासी शोभा सिंह को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि अवैध शराब कारोबार और आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## बाइक सवार बदमाशों ने महिला से दिनदहाड़े छीने सोने की चेन

**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के राजेंद्र नगर मोहल्ले में शुक्रवार को दिनदहाड़े बाइक सवार अपराधियों ने एक महिला के गले से सोने की चेन छीन ली और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है, वहीं पीड़ित महिला ने नगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार, राजेंद्र नगर निवासी गौतम प्रसाद की पत्नी अनीता देवी गैस एजेंसी से सिलेंडर लेकर घर लौट रही थीं। जैसे हीं वह अपने घर के करीब पहुंचीं, पीछे से एक बाइक पर सवार दो युवक आए और अचानक उनके गले से सोने की चेन छीन ली। चेन की अनुमानित कीमत लगभग ढाई लाख रुपये बताई जा रही है। दोनों युवक हेलमेट पहने हुए थे, इसके कारण उनकी पहचान नहीं हो सकी। घटना को अंजाम देने के बाद दोनों युवक तेजी से मौके से फरार हो गए। पीड़िता के शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्र हुए, लेकिन तब तक बदमाश दूर निकल चुके थे। इस संबंध में नगर थाना इंस्पेक्टर अविनाश कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस टीम जांच में जुटी है।

## आपसी विवाद ने लिया हिंसक रूप, मारपीट में दो घायल

**सिसवन ( सिवान ) ।** थाना क्षेत्र के उबधी गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में दो लोग घायल हो गए । घायलों में गांव निवासी विश्वनाथ गोड के पुत्र सुरेश गोड तथा मुकेश कुमार की पत्नी आरती देवी शामिल हैं । बताया जाता है कि किसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई । घटना के दौरान दोनों को चोटें आईं । घटना के बाद स्वजनों और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए सिसवन रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया । चिकित्सकों के अनुसार दोनों की स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है । घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में लगी है । स्थानीय लोगों ने आपसी सौहार्द बनाए रखने और छोटे-छोटे विवादों को बातचीत के माध्यम से सुलझाने की अपील की है ।

## हुसैनगंज में खिड़की तोड़कर विद्यालय से डेढ़ क्विंटल एमडीएम के चावल की चोरी

**हुसैनगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के छाता गांव स्थित उर्दू प्राथमिक विद्यालय में मध्याह्न भोजन के लिए रखा गया चावल चोरी हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। जहां अज्ञात चोरों ने विगत 21 मई की रात विद्यालय की खिड़की तोड़कर इस वारदात को अंजाम दिया है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रेहाना खातून ने थाने में दिए गए आवेदन में बताया है कि विद्यालय में कुल नौ बोरी यानी लगभग 469 किलोग्राम चावल एमडीएम के लिए सुरक्षित रखा गया था। लेकिन चोरों ने खिड़की तोड़कर उसमें से तीन बोरी यानी करीब 150 किलोग्राम चावल की चोरी कर ली है। उन्होंने बताया कि 22 मई को साप्ताहिक अवकाश होने के कारण विद्यालय बंद था। जब 23 मई को विद्यालय खुला, तो खिड़की टूटी हुई मिली और स्टोर से चावल गायब था। घटना की जानकारी मिलते हीं स्थानीय मुखिया को सूचित किया गया और डायल 112 पर भी सूचना दी गई। वहीं थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कर ली गई है और पुलिस द्वारा छानबीन शुरू कर दी गई है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और घटना के सुराग जुटाने का प्रयास किया जा रहा है।